# DAYANAND COLLEGE, HISAR

## Department of English

## Literary Society

### Department Activity Report

**Session 2025-26**

The **Department of English** organised a series of academic and co-curricular activities during the session **2025–2026** to enhance the linguistic, intellectual, and creative skills of students. These activities proved to be highly beneficial in developing students' communication skills, confidence, and overall personality.

Following activities were organized:

- A **Library Visit** was organised on 14th August, 2025.
- A **Paper/Book Reading Competition** was organised on 27th August,2025.
- A **Spell Bee Competition** was organised on 15th September,2025.
- A **Book Reading Competition** was organised on 30th January,2026.
- A **Quote Writing Competition** was organised on 06th February,2026.
- **A Movie Screening** was organised by Department of English on 11th and 12th February, 2026.
- A **Quiz Competition** was organised on 20th February,2026.

## Library Visit

The library visit was organised with the objective of promoting reading habits and enhancing students' knowledge. The visit aimed to familiarise students with the use of library resources and to encourage independent learning.



*Library Visit*



# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के अंग्रेजी विभाग साहित्यिक सभा द्वारा पुस्तकालय भ्रमण का आयोजन

–पाठकपक्ष न्यूज–

हिसार, 14 अगस्त : दयानन्द महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की साहित्यिक सभा ने बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आज महाविद्यालय के लाला लाजपतराय पुस्तकालय के भ्रमण का आयोजन किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की आदत विकसित करना, साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाना तथा पुस्तकालय संसाधनों से परिचित करावाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन की दिशा में प्रेरित करती हैं और उन्हें शैक्षणिक संसाधनों का पूर्ण उपयोग करना सिखाती हैं। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. यशुराय तायल ने पुस्तकालय को ज्ञान का खजाना बताते हुए इसे नियमित रूप से उपयोग में लाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। संयोजिका डॉ. वलेरिया सेठी और सह-संयोजिका डॉ. संगीता ने इस पुस्तकालय भ्रमण को विद्यार्थियों के अध्ययन जीवन में एक नई प्रेरणा का स्रोत बताया। इस अवसर पर पुस्तकालय सहायिका श्रीमति कुसुम रानी ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय के विभिन्न संसाधनों से अवगत करवाया। भ्रमण के दौरान अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापकगण प्रो. सुरेश यादव, प्रो. विजय सिंह, डॉ. मीनाक्षी चौहान, प्रो. मंजीत सिंह, डॉ. रितु, प्रो. परांतक तथा गैर-शिक्षकगण जगदीश भी उपस्थित रहे।

*Library Visit News*

## Paper/Book Reading Competition

The paper reading competition was organised with the aim of enhancing students' research, analytical, and presentation skills. The event provided a platform for students to express their ideas and present their research on various academic topics.




Awarding of Certificates for Paper Reading Competition

# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के अंग्रेजी विभाग साहित्यक सभा द्वारा पुस्तक पठन प्रतियोगिता का आयोजन



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 28 अगस्त :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के अंग्रेजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के पठन कौशल को प्रोत्साहित करने हेतु पुस्तक पठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य सभी छात्रों को एकत्रित कर यह बताना था कि पुस्तकों को पढ़ना और उनकी व्याख्या करना एक कला है तथा यह हर कदम पर हमारा मार्गदर्शन करते हुए ज्ञानवर्धन भी करती हैं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. यशुराय तायल ने पठन कौशल को व्यक्तिव के विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया।

मुख्यअतिथि प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के बौद्धिक और रचनात्मक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं पुस्तकें पढ़ना केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि यह हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और जीवन को एक नए दृष्टिकोण से देखने में भी मदद करता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आयुषी द्वितीय स्थान पर पूजा तथा तृतीय स्थान पर लक्ष्या कुंडू रहे तथा कुसुम एवम रिशा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में मंच का संचालन श्री परांतक ने किया एवं निर्णायक मंडल की भूमिका श्री मंजीत तथा मधुर वेदान्त ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में अंग्रेजी विभाग की लिटरेरी सोसाइटी की संयोजिका डॉ. वलेरिया सेठी तथा सह संयोजिका डॉ. संगीता मलिक ने विभाग के सभी उपस्थित शिक्षक तथा गैर-शिक्षकगण तथा प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

*News*

# Spell Bee Competition

The spell Bee competition was proved to be highly beneficial for students. It helped in improving their spelling accuracy, vocabulary, and pronunciation skills. The activity encouraged students to learn new words and understand their correct usage in context.







*Spell Bee Competition*




# दयानन्द महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा वर्तनी लेखन की प्रतियोगिता का आयोजन



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 16 सितम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के अंग्रेजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के वर्तनी कौशल को प्रोत्साहित करने हेतु वर्तनी लेखन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य सभी छात्रों को एकत्रित कर यह बताना था कि लेखन कला में वर्तनी का एक प्रमुख स्थान है और उचित वर्तनी के बिना लेखन अधूरा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशुराय तायल ने वर्तनी कौशल को लेखन कला के विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि शुद्ध वर्तनी के अभाव में संवाद अर्थहीन हो जाता है। अतः इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के लेखन कौशल सम्वर्द्धन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वंश, द्वितीय स्थान पर आदित्य तथा तृतीय स्थान पर खुशबू रही तथा ईशा और सुनील रानी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्राध्यापक परांतक तथा रोहिताशवानी ने किया। कार्यक्रम के अंत में अंग्रेजी विभाग की लिट्रेरी सोसाइटी की संयोजिका डॉ. संगीता मलिक तथा सह-संयोजिका डॉ. ऋतु खुराना ने विभाग के सभी उपस्थित शिक्षक तथा गैर-शिक्षकगण तथा प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

*Spell Bee Competition, News*

# Book Reading Competition

The book reading competition was organised with the objective of promoting reading habits and improving students' comprehension skills. The event aimed to develop an interest in literature and enhance students' ability to express their thoughts effectively.







***Book Reading***






## पुस्तक वाचन प्रतियोगिता में आयुषी प्रथम, लक्ष्या द्वितीय

दयानंद महाविद्यालय में प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राएं • विज्ञप्ति

**जासं • हिसार :** दयानंद महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की लिटरेरी सोसायटी की ओर से पुस्तक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में आयुषी ने प्रथम स्थान, लक्ष्या ने द्वितीय स्थान व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वंश और दीक्षा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डा. संगीता मलिक और मंजीत सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. रोहिताशवानी की ओर से किया गया। अंत में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र डा. यशु राय तायल की ओर से प्रदान किए गए।

***Book Reading competition in news***

# Movie Screening

The movie screening was organised with the aim of providing students with visual exposure to literature and enhancing their understanding of themes and narratives. The activity was designed to combine learning with entertainment.







*Movie Screening*

# Quote Writing Competition

The quote writing competition was organised with the objective of encouraging creativity and self-expression among students. The event aimed to develop students' ability to express meaningful ideas in a concise and impactful manner.







*Quote Writing Competition*




# डी. एन. कॉलेज 'प्रेरणा के शब्द' लिट्रेरी सोसाइटी, अंग्रेजी विभाग द्वारा उद्धरण लेखन प्रतियोगिता का आयोजन




–पाठकपक्ष न्यूज–

**हिसार, 7 फरवरी :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के अंग्रेजी विभाग की लिटरेरी सोसाइटी द्वारा उद्धरण लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक एवं विचारोत्तेजक उद्धरण प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में जानवी ने प्रथम, आरती व कीर्ति ने द्वितीय तथा लक्ष्या व उदिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायकमण्डल में निर्णायक की भूमिका प्राध्यापक अनुराग तथा सुश्री सोनम ने अदा की। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. यशु राय तायल द्वारा प्रदान किए गए। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए साहित्यिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. संगीता मलिक तथा सह-संयोजिका डॉ. रितु खुराना की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।


***NEWS***

# Quiz competition

The Quiz Writing Competition was organised with the objective of encouraging creativity and self-expression among students. The event aimed to develop students' ability to express meaningful ideas in a concise and impactful manner.




*Quiz Competition*




*Scoreboard Quiz Competition*

## क्विज में सुनील रानी और अंजू प्रथम

हिसार। दयानंद महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की साहित्यिक सोसायटी की ओर से अंग्रेजी लैब में शुक्रवार को क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कुल छह टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सुनील रानी व अंजू प्रथम, तानी व आयुषी द्वितीय, पूजा व मनु तृतीय रहीं। विजेता टीमों को सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विक्रमजीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, ज्ञानार्जन एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) यशु राय तायल ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता जैसे आयोजन विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति, तार्किक क्षमता एवं त्वरित प्रतिक्रिया कौशल को विकसित करते हैं। सोसायटी की संयोजिका डॉ. संगीता मलिक ने संचालन किया। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से अंग्रेजी साहित्य से संबंधित विविध विषयों जैसे प्रमुख लेखक एवं उनकी प्रसिद्ध कृतियां, साहित्यिक कालखंड, नाटक, कविता, उपन्यास, साहित्यिक सिद्धांत एवं आलोचना संबंधी प्रश्न पूछे। ब्यूरो

*News*